दैनिक भास्कर 19/01/2026

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर जीएमएन कॉलेज में प्रमुख जन गोष्ठी हुई

राष्ट्र के निर्माण में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण : जिला संघसंचालक

भास्कर न्यूज | अम्बाला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर सोमवार को जीएमएन कॉलेज में प्रमुख जन गोष्ठी हुई। शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ। गोष्ठी में संघ की 100 वर्ष की यात्रा, पंच परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख बनवीर व प्रांत बौद्धिक प्रमुख भूपेश शामिल रहे।

अध्यक्षता जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जीएमएन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र के समक्ष



जीएमएन कॉलेज में प्रमुख जन गोष्ठी में मौजूद लोग। इधर, गोष्ठी में मौजूद अतिथि।

दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक जीवन जोशी ने किया। मुख्य वक्ता बनवीर ने कहा कि आज पूरा देश संघ की तपस्या, सेवा और संगठन शक्ति से परिचित है।

प्रांत बौद्धिक प्रमुख भूपेश ने कहा कि समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाने के लिए पंच परिवर्तन को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने सामाजिक समरसता, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और पारिवारिक मूल्यों को समय की आवश्यकता बताया।

उन्होंने आठ प-पूजा, प्राणायाम, पारिवारिक प्रतिभागिता, परंपराएं, प्रेरक प्रसंग और प्रसाद को परिवार में अपनाने की बात कही। वहीं छह भ-भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भवन और भ्रमण को भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपनाने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। मुख्य अतिथि डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि संघ समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है।

जिला संघचालक प्रदीप खेड़ा ने राष्ट्र निर्माण में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।